Sixteenth Loksabha

pan>

Title: Need to provide more cash at the State Bank Branches of Bhanupratappur area so that people do not face problem in cash withdrawal.

श्री विक्रम उसेंडी (कांकेर): उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का समय दिया, मैं इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। आज आदिवासी दिवस के अवसर मैं बहुत-बहुत बधाई देता हूं। छत्तीसगढ़ राज्य के उत्तर बस्तर कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में एक स्टेट बैंक है। उसके आसपास करीब सात स्टेट बैंक की ब्रांचेज जैसे अंतागढ़, दुर्गकोंदल, पंखाजुर, केंवटी, आसुलखार, कोरर, ताड़ोकी हैं। इन सभी ब्रांचों में राशि की कमी के चलते लोगों को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहां आर.बी.आई. नागपुर से माह में एक बार राशि आती है। लगभग पचास करोड़ रुपये के आसपास राशि मांगी जाती है। परंतु राशि कम मिलने के कारण वहां भुगतान नहीं हो पाता । वहां बी.एस.एफ., सी.आर.पी.एफ. तथा एस.एस.बी. के कैम्प्स हैं। इन कैम्पों में रहने वाले जवानों को भी वहीं से भुगतान होता है। इसके साथ-साथ किसानों और कर्मचारियों का भी भुगतान वहीं से होता है। लेकिन राशि की कमी के कारण इन सबका भुगतान नहीं हो पाता है। बैंकों में पैसों की कमी होने के कारण वहां की जनता एवं हितग्राहियों, कर्मचारियों में काफी रोष व्याप्त है।

अतः आपके माध्यम से सरकार से निवेदन है कि उपरोक्त समस्या का शीघ्र निराकरण करके बैंकों में पर्याप्त धनराशि देने की व्यवस्था करें। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel is permitted to associate with the issue raised by Shri Vikram Usendi.